मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 28/11/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति-300/2024
28 नवंबर 2024
झारखंड मंत्रालय, रांची
===========

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने बोकारो जिला के चंदनक्यारी प्रखंड स्थित फतेहपुर गांव के शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो के परिजनों को अनुग्रह अनुदान राशि के रूप में 10 लाख रुपए का चेक सौंपा, आश्रित को सौंपा नियुक्ति पत्र
====================

◆ मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों से कहा - सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा
===================

मुख्यमंत्री बोले- सैनिकों की तरह अग्निवीरों को भी शहीद होने पर उनके परिजनों को 10 लाख रुपए की सहायता राशि और सरकारी नौकरी देने का हमारी सरकार पहले ही ले चुकी है नीतिगत निर्णय
==================

● शहीदों के सम्मान और सहायता के लिए सरकार प्रतिबद्ध

श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड

श्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ लेने के पहले ही दिन शहीदों को सम्मान देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया। मुख्यमंत्री ने बोकारो जिला के चंदनक्यारी प्रखंड स्थित फतेहपुर गांव के निवासी शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो की माता श्रीमती हुलासी देवी को

अनुग्रह अनुदान राशि के रूप में 10 लाख रुपए का चेक सौंपा। इसके साथ शहीद अग्निवीर के भाई श्री बलराम महतो को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक श्री उमाकांत रजक और शहीद की बहन सुश्री लक्ष्मी कुमारी मौजूद थीं।

शहीदों के सम्मान और सहायता के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा से शहीदों के साथ हर कदम पर खड़ी है। राज्य सरकार शहीदों के सम्मान और सहायता के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहीद अर्जुन महतो के परिजनों से कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सैनिकों की तरह अग्निवीरों के शहीद होने पर उनके परिजनों को 10 लाख रुपए अनुग्रह राशि और एक परिजन को आश्रित को सरकारी नौकरी देने का नीतिगत निर्णय पहले ही ले चुकी है।

विदित हो कि झारखंड के अग्निवीर अर्जुन महतो असम के सिलचर में तैनात थे। इस माह 21 तारीख़ की देर रात्रि उग्रवादियों के साथ हुए मुठभेड़ में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे।

###

============

#Team PRD CMO